an>

Title: Regarding completion of Giridih Koderma Rail Line.

श्री रवीन्द्र कुमार पाण्डेय (गिरिडीह) : सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से झारखंड प्रदेश के गिरिडीह जिला जो हमारे लोक सभा क्षेत्र के अंतर्गत आता है, वहां गिरिडीह-कोडरमा रेललाइन 12 बरस से अधूरी पड़ी हुई है। इस विÂ◌ाय के बारे में हम कई बार मंत्री जी से मिले हैं, लेकिन सब लोगों के द्वारा यह आश्वासन मिलता गया कि बहुत जल्दी यह पूरा किया जायेगा और जिसके कारण कोडरमा-हजारीबाग रेल लाइन का भी कोई औचित्य नहीं रह जाता है, हालांकि वह चालू हो चुकी है।

मेरा रेल मंत्रालय से दूसरा निवेदन है कि आठ वÂ◌ाऱ्न पहले हावड़ा-दानापुर रेलगाड़ी में हावड़ा और पटना के लिए कोच लगती थीं, अब उन दोनों कोच को हटा दिया गया और उन्हें आनन्द विहार जाने वाली ट्रेन में लगा दिया गया, जो आठ-आठ घंटे लेट चलती है। इस विÂ◌ाय के बारे में भी हम लोग आठ वÂ◌ाऱ्न से मंत्री जी से कह रहे हैं, लेकिन इसका कोई निराकरण नहीं हो रहा है।

इसके साथ-साथ गोमो स्टेशन, जो नेताजी सुभाÂ◌ा चंद्र बोस के नाम पर रेल स्टेशन है, वहां एक साल पहले आरओबी के लिए शिलान्यास हुआ था, लेकिन अभी तक उस पर कोई काम शुरू नहीं हुआ है। मैं आपके माध्यम से सरकार से मांग करता हूं कि अविलम्ब इस पर कार्रवाई की जाए।

आपने मुझे बोलने का समय दिया, इसके लिए मैं आपको बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूं।